सत्यमेव जयते

एफ़. शहरयार
महानिदेशक

आकाशवाणी महानिदेशालय
Directorate General : All India Radio

F.SHEHERYAR
Director General

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अपील

प्रिय साथियो,

हिन्दी राष्ट्र का गौरव तथा भारत की अस्मिता एवं अनेकता में एकता की प्रतीक है। इस विशाल बहुभाषी देश में हिन्दी संपर्क भाषा का कार्य करती है। चूंकि संविधान में हिन्दी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्राप्त है, अतः इसको पूरी तरह सरकारी कामकाज में अपनाना हमारा संवैधानिक दायित्व है तथा राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

विश्व स्तर पर हिंदी का महत्व उत्तरोतर बढ़ाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। इतिहास गवाह है कि भारतीय संविधान के निर्माण से लेकर सुधारवादी आंदोलनों और विदेशी दासता से मुक्ति दिलाने वाली हिंदी आज समाज की ज्वलंत समस्याओं का समाधान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सत्ता हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

आज फिर 14 सितंबर, 2015 को हिंदी की संवैधानिक प्रतिष्ठा का संकल्प पर्व आ गया है। इस अवसर पर मैं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दिल्ली (मध्य) के सभी सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों और विशेषतः उनके वरिष्ठतम स्तर के अधिकारियों से अपील करता हूँ कि वे स्वयं राजभाषा हिंदी में काम करने की पहल करें और अपने अधीनस्थ कार्मिकों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति दिल्ली (मध्य) के समस्त कार्मिकों से पुनः आग्रह है कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्र में हिंदी का प्रयोग कर जनता की सेवा करें एवं दृढ़ संकल्प करें कि वे आज से समस्त सरकारी काम काज केवल राजभाषा हिंदी में ही करेंगे।

हिन्दी दिवस के पावन अवसर पर मेरी शुभकामनाएं।

नई दिल्ली

एफ़.श.

(एफ़. शहरयार)
अध्यक्ष नराकास दिल्ली (मध्य)

नराकास दिल्ली (मध्य) के सभी सदस्य कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः-

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, कमरा नं० 13 बी, द्वितीय तल, लोकनायक भवन, खान मार्किट नई दिल्ली
2. उपनिदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दिल्ली), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली।

राजभाषा प्रकोष्ठ / RAJBHASHA CELL
डायरी सं./Diary No. 519/21
दिनांक/Dt. 15/9/15

आकाशवाणी भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110 001 / Akashvani Bhavan, Sansad Marg, New Delhi - 110 001
Tel : 2342 1300, (O) 2342 1061 (O) Fax : 2342 1956
E-mail : fsheheryar@gmail.com, dgair@air.org.in Website : www.allindiaradio.gov.in